बिहार सरकार
पर्यावरण एवं वन विभाग

मुख्यमंत्री निजी पौधशाला योजनान्तर्गत स्थापित पॉप्लर पौधशालाओं से संबंधित किसान भाइयों के लिए जानकारी :–

पॉप्लर पौधशालाओं में पॉप्लर कटिंग लगाने के कार्य शीतकाल में पूरे किये जा चुके हैं। अब माह, मार्च/अप्रैल से माह, दिसम्बर/जनवरी तक इन पौधशालाओं में उगे पौधों का रख–रखाव निम्न तरीके से करें :–

1. **पटवन** :– (क) पौधशाला स्थापना से वर्षाकाल से पूर्व तक **प्रत्येक सप्ताह** पौधशाला की सिचाई इस हद तक की जानी है कि पूरी क्यारी पानी से भर जाए।

   (ख) वर्षाकाल के पश्चात् पर्याप्त नमी नहीं रहने की स्थिति में **15 अक्टूबर तक प्रत्येक सप्ताह** तथा उसके पश्चात् दो सप्ताह में एक बार सिंचाई की जानी है।

   (ग) माह दिसम्बर/जनवरी में पौधों को उखाड़ने के एक सप्ताह पूर्व एक बार गहरी सिंचाई किया जाना है।

2. **एकीकरण** :– माह अप्रैल में, कटींग से उगे एक से अधिक निकली हुई कलियों में से, मजबुत एवं सीधी कली को छोड़कर, शेष की छंटाई कर देनी है। छंटाई का कार्य धारदार हथियार अथवा प्रूनर से की जानी है।

3. **कोड़नी निकौनी** :– कटींग लगाने के एक माह के अंदर तथा बाद में आवश्यकतानुसार कम–से–कम तीन बार कोड़नी निकौनी की जानी है।

4. **डिबडिंग** :– माह मई के अंत से प्रत्येक माह पॉप्लर के पौधे से निकली हुई शाखाओं को धारदार हथियार या प्रूनर से छांटना है।

5. **खाद** :– सामान्तया कली आने के पश्चात् खाद की आवश्यकता नहीं है, फिर भी नत्रजन की कमी से पत्तियों का पीला पड़ना तथा छोटा रह जाना, पोटैशियम की कमी से आधा सिरा से उपर की तरफ पत्तियों का पीला पड़ना, तथा जिंक की कमी से नई पत्तियों एवं कोपल के पीला पड़ने पर आवश्यकतानुसार युरिया 20 किलोग्राम, जिंक सल्फेट 10 किलोग्राम, सिंगल सुपर फास्फेट 20 किलोग्राम एवं म्यूरेट ऑफ पोटाश 10 किलोग्राम प्रति एकड़ का उपयोग किया जा सकता है।

6. **कीटनाशक** :– कीड़ों का प्रकोप होने पर मोनोक्रोटोफस 36EC (4 मि0लि0 एक लीटर पानी में) छिड़काव किया जा सकता है।

   झिंगुर नियंत्रण हेतु ईन्डोसलफान (10 मि0लि0 10 लीटर पानी में) तथा दीमक से बचाव हेतु क्लोरपायरीफॉस (10 मि0ली0 एक लीटर पानी में) उपयोग किया जा सकता है।

7. **तैयार पौधों को उखाड़ना** :– उपयोग से एक सप्ताह पूर्व 6–7 इंच नीचे से कुदाल की मदद से पौधों को उखाड़ना है तथा 20 का बंडल बनाकर 2 दिनों तक पानी में डुबाकर रखना है।

8. इस संबंध में अतिरिक्त जानकारी के लिए कार्यालय अवधि–पूर्वाह्न 9.30 बजे से अपराह्न 6.00 बजे तक **मोबाईल नं0–9473045992** पर सम्पर्क करें।

निदेशक,
हरियाली मिशन, बिहार, पटना।